तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 24.0° | 31.0° |
| इंदौर | 23.0° | 33.0° |
| जबलपुर | 25.0° | 31.0° |
| ग्वालियर | 25.0° | 33.0° |
| सागर | 24.0° | 29.0° |

# नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपाल: वर्ष 41 अंक 220, पृष्ठ 12)
आषाढ़, कृष्ण दशमी संवत् 2083
गुरुवार, 9 जुलाई 2026
कीमत: 3:00 रुपये

www.naiduniaonline.com | भोपाल संस्करण | भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित




**राजधानी...** पदोन्नति प्रक्रिया शुरू होने पर मंत्रालय में ...


**खेल...** सौरव गांगुली की बायोपिक दादा-द सौरव गांगुली ...


**व्यापार...** सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी के ...


**देश-विदेश...** लॉरेंस बिश्नोई पर अमेरिका में हत्या का मामला...


### इंडोनेशिया यात्रा पूरी कर ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न रवाना हुए पीएम

# प्रम्बानन मंदिर पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी बोले- भगवान शिव से जुड़ना सौभाग्य

**जकार्ता, एजेंसी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को इंडोनेशिया के योग्याकार्ता स्थित विश्व धरोहर सबसे बड़े हिंदू मंदिर प्रम्बानन पहुंचे। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो भी उनके साथ रहे। दोनों नेताओं ने मंदिर संरक्षण एवं जीर्णोद्धार परियोजना का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने मंदिर में दर्शन कर कहा कि उन्हें हमेशा भगवान शिव से जुड़ने का अवसर मिला। सोमनाथ, काशी विश्वनाथ, केदारनाथ धाम और उज्जैन के महाकाल मंदिर के बाद प्रम्बानन मंदिर के विकास का अवसर मिलना सौभाग्य है। प्रधानमंत्री इंडोनेशिया से ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न के लिए रवाना हुए। उन्हें पांच लड़ाकू विमानों ने सुरक्षा प्रदान की।

**फिल्म कुछ-कुछ होता है का उल्लेख**

प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार शाम इंडोनेशिया के जकार्ता में भारतीय लोगों को संबोधित कर कहा था कि यहां भारत का गाना 'कुछ-कुछ होता है' बहुत लोकप्रिय है। जब भारत-इंडोनेशिया साथ मिलकर चलते हैं तो कुछ-कुछ से भी आगे बढ़कर बहुत कुछ होता है। मोदी बोले राष्ट्रपति प्रबोवो ने कहा था कि उनके अंदर भारत का डीएनए है। उनकी इस बात ने भारतीयों के दिलों को छू लिया था। भारत-इंडोनेशिया का डीएनए म्युचअल ट्रस्ट से बना है।



## ऑस्ट्रेलिया में सीईओ फोरम में लेंगे हिस्सा

*प्रधानमंत्री मोदी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वहां के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मुलाकात करेंगे। दोनों के बीच द्विपक्षीय वार्ता होगी। मोदी की यह यात्रा पीएम अल्बनीज के निमंत्रण पर हो रही है। उनका यह तीसरा ऑस्ट्रेलिया दौरा है। मोदी ऑस्ट्रेलिया की गवर्नर-जनरल सैम मोस्टिन से भी मुलाकात करेंगे। इसके बाद भारत-ऑस्ट्रेलिया सीईओ फोरम में हिस्सा लेंगे और दोनों देशों के प्रमुख कारोबारियों को संबोधित करेंगे। साथ ही, भारतीय समुदाय के एक बड़े कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।*

**मंदिर की दीवारों पर उकेरी रामायण**

प्रम्बानन मंदिर करीब एक हजार साल पुराना है। दक्षिण-पूर्व एशिया के इस प्रमुख हिंदू मंदिर परिसर में भगवान शिव, विष्णु और ब्रह्मा के मंदिर हैं। यहां 47 मीटर ऊंचा शिव मंदिर सबसे बड़ा है। मंदिर की दीवारों पर रामायण और अन्य हिंदू ग्रंथों की कथाएं उकेरी गई हैं।

**2029 में जीर्णोद्धार कार्य पूरा होगा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दुनिया के किसी भी कोने में भारत की सांस्कृतिक विरासत की झलक मिलती है। उन्होंने प्रम्बानन मंदिर को दक्षिण-पूर्व एशिया में भारतीय विरासत की बड़ी पहचान बताया। मोदी ने कहा कि 2029 तक मंदिर जीर्णोद्धार पूरा होने पर वह फिर इंडोनेशिया आकर इसका उत्सव मनाएंगे। उन्होंने विरासत संरक्षण के लिए इंडोनेशिया के लोगों का आभार जताया।

# ईरान के साथ संघर्ष विराम खत्म: ट्रम्प

▶▶ **अमेरिका ने ईरान में 80 से अधिक सैन्य ठिकानों पर किए हमले**

**तेहरान, एजेंसी:** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नाटो सम्मेलन के दौरान कहा कि ईरान के साथ हुआ संघर्ष विराम समझौता खत्म हो चुका है और अब वह ईरान से कोई समझौता नहीं करना चाहते। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ने ईरान पर जोरदार हमला किया और हर हमले का जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका का लक्ष्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को समाप्त करना है।

ट्रम्प ने नाटो पर नाराजगी जताते हुए कहा कि गठबंधन ने ईरान के खिलाफ अमेरिका का साथ नहीं दिया। इससे पहले अमेरिकी केंद्रीय कमान ने बताया था कि ईरान के 80 से अधिक सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किए गए। अमेरिका ने कहा कि यह कार्रवाई होर्मुज में जहाजों पर हुए हमलों के जवाब में की गई।



**ईरानी हमलों की निंदा**

कतर ने होर्मुज में उसके जहाज पर हमले की निंदा करते हुए ईरान को कानूनी रूप से पूरी तरह जिम्मेदार ठहराया। साथ ही कहा कि ईरानी हमले अंतरराष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा के लिए खतरा हैं।

**धमकियाँ नहीं ...**

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि धमकियों के माहौल में कोई समझौता नहीं होगा। पहले अमेरिका को अपने पुराने समझौतों का सम्मान करना होगा।

**खामेनेई की अंतिम यात्रा नजफ पहुंची**

*ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई का पार्थिव शरीर मंगलवार रात इराक के नजफ शहर पहुंचा। ईरान में कई दिनों तक चली अंतिम यात्रा और धार्मिक रस्मों के बाद ताबूत को विशेष विमान से नजफ लाया गया।*

# रनवे पर आमने-सामने आए दो विमान

▶▶ **उड़ान रोकने के लिए मिले निर्देश से बची दुर्घटना**

**नईदुनिया ब्यूरो, मुंबई:** मुंबई हवाई अड्डे पर मंगलवार रात बड़ा हादसा टल गया, जब दो विमान एक ही रनवे पर आमने-सामने आ गए। घटना रात करीब 10 बजे की बताई गई है। जानकारी के अनुसार, सिलिगुड़ी से आया एअर इंडिया एक्सप्रेस का विमान उतरने के बाद रनवे खाली कर रहा था, तभी दिल्ली जाने वाला एअर इंडिया का विमान उड़ान भरने की तैयारी कर रहा था। हवाई यातायात नियंत्रण के निर्देश पर एअर इंडिया के विमान ने तुरंत उड़ान प्रक्रिया रोक दी। इसके बाद विमान को वापस पार्किंग क्षेत्र में ले जाया गया। एयरलाइन ने बताया कि विमान की जांच की जाएगी और यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। घटना के कारणों की जांच जारी है।

## खास-खबरें

### नाबालिग से दुष्कर्मी का एनकाउंटर

**नईदुनिया ब्यूरो, कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर में नाबालिग से दुष्कर्म और हत्या मामले के आरोपी प्रभास मंडल की पुलिस मुठभेड़ में मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिसकर्मी की राइफल छीनकर भागने की कोशिश की, जिसके बाद हुई मुठभेड़ में वह घायल हो गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। 12 वर्षीय बच्ची चार जुलाई को लापता हुई थी। अगले दिन उसका शव तालाब से मिला था। जांच में दुष्कर्म की पुष्टि हुई थी। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था।

### मां के लिव इन पार्टनर की बेटे ने की हत्या

**नईदुनिया ब्यूरो, राजकोट :** गुजरात के राजकोट जिले के जेतपुर शहर में मां के साथी की बेटे ने चाकू मारकर हत्या कर दी। मृतक पिछले 12 वर्षों से आरोपी की मां के साथ रह रहा था। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने सड़क पर दौड़ाकर व्यक्ति पर चाकू से छह वार किए। घायल व्यक्ति मदद की गुहार लगाता रहा, लेकिन आरोपी हमला करता रहा। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में जयन वाघेला ने बताया कि उसे कमलेशभाई वाघेला का उसकी मां के साथ रहना पसंद नहीं था। वह पहले भी कई बार उसे समझाइश दे चुका था कि वह उसकी मां से मिलने घर न आया करे।

# बारिश का कहर: पुणे-दिल्ली में इमारतें ढहीं, कई लोग दबे



▶▶ **सूरत में बाढ़ से जनजीवन प्रभावित, करोड़ों रुपये का नुकसान**

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** देश के कई हिस्सों में भारी बारिश के कारण हालात बिगड़ गए हैं। महाराष्ट्र के पुणे में बुधवार को तेज बारिश के दौरान कचरे का पहाड़ तीन मंजिला इमारत पर गिर गया, जिससे कचरा प्रबंधन की इमारत ढह गई। हादसे में 16 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। राहत और बचाव कार्य जारी है। दिल्ली के रोहिणी क्षेत्र में भी निर्माणाधीन इमारत गिर गई। महाराष्ट्र के खंडाला में भारी बारिश के बीच भूस्खलन से एक सुरक्षा गार्ड की मौत हो गई, जबकि उसका साथी अब भी लापता है।

**दिल्ली-जयपुर हाईवे धंसा :** भारी बारिश के चलते दिल्ली-जयपुर एनएच-48 धंस गया है, जिसके कारण 10 किमी लंबा जाम लगा गया। एक स्कूल बस भी नाले में फंस गई। इधर, गुरुग्राम के कई इलाकों में दो-दो फीट पानी भर गया। पुलिस ने कंपनियों से अगले कुछ दिनों तक कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम देने की अपील की है। राजस्थान के जालोर में एक जीप नदी में पलट गई। चित्तौड़गढ़ में बिजली गिरने से एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत हो गई।

**94 हजार लोग प्रभावित :** अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश से बाढ़ और लैंडस्लाइड ने 26 जिलों के 94 हजार से ज्यादा लोगों को प्रभावित किया है। 4 लोगों की मौत हुई है, 21 घायल हैं और 2 महिलाएं लापता हैं। जबकि कर्नाटक के बेलगावी और शिवमोगा में स्कूल और आंगनवाड़ी बंद रहे।

### नौ लोगों की मौत

गुजरात के सूरत में पिछले 36 घंटे में 19 इंच तक बारिश दर्ज की गई, जिससे 85 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। सूरत में बाढ़ के कारण एक शॉपिंग मॉल की एक मंजिल पानी में डूब गई। शहर में करोड़ों रुपये के नुकसान की आशंका है। करंट लगने, पेड़ गिरने और बिजली गिरने से नौ लोगों की मौत हुई है। वहीं, 3400 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को भोजन और पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

**मंत्रि-परिषद के निर्णय:** डाटा सेंटर आधुनिकीकरण, हरित नगर योजना और पुनर्वास कार्यों को मिली स्वीकृति

# प्रदेश में विकास कार्यों के लिए 2300 करोड़ मंजूर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में बुधवार को हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में प्रदेश के विकास, पुनर्वास, डिजिटल व्यवस्था और जनकल्याण से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में अधोसंरचना विकास और पुनर्वास कार्यों के लिए 2300 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई। मंत्रि-परिषद ने राज्य डाटा केंद्र के आधुनिकीकरण, सूचना प्रौद्योगिकी और आपदा प्रबंधन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 800 करोड़ रुपये मंजूर किए। इसके साथ ही विज्ञान पार्क, एकल नागरिक डाटाबेस परियोजना और जैव प्रौद्योगिकी पार्क की स्थापना एवं संचालन के लिए 123 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई।

### स्कूटी योजना 2031 तक जारी रहेगी

मुख्यमंत्री स्कूटी योजना को वर्ष 2031 तक जारी रखने के लिए 495 करोड़ रुपये मंजूर किए गए। योजना के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को लाभ दिया जाएगा। वहीं, प्रदेश में उपार्जित गेहूं, चना, ज्वार और बाजरा के बेहतर निस्तारण के लिए नई नीति 2026 को मंजूरी दी गई।



### हरियाली बढ़ाने 100 करोड़ स्वीकृत

*नगरीय क्षेत्रों में हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से 65 नगरीय निकायों में नगर वन विकसित करने के लिए नमो हरित नगर योजना के तहत 100 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए। योजना का उद्देश्य स्वच्छ वायु, पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता को बढ़ावा देना है। मंत्रि-परिषद ने पन्ना जिले की केन-बेतवा लिंक परियोजना, रूंज सिंचाई परियोजना और मझगांव सिंचाई परियोजना से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और विस्थापन के लिए अतिरिक्त 202 करोड़ 50 लाख रुपये की राशि मंजूर की। इससे प्रभावित परिवारों को विशेष पुनर्वास पैकेज उपलब्ध कराया जाएगा।*

*स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए मध्यप्रदेश लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राजपत्रित सेवा भर्ती नियम 2022 के तहत विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती प्रक्रिया को मंजूरी दी गई। रिक्त पदों को भरने के लिए विभागीय स्तर पर सीधी भर्ती की व्यवस्था की जाएगी। मंत्रि-परिषद ने मध्यप्रदेश सूचना प्रौद्योगिकी, सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम सेवा और इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली डिजाइन एवं निर्माण निवेश प्रोत्साहन नीति 2023 में संशोधन को भी स्वीकृति दी। इसके अलावा कमजोर वर्गों को प्रभावी कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के लिए 42 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई। बैठक में स्वामित्व योजना के तहत अभिलेखों के पंजीयन पर उपकर और अतिरिक्त स्टांप शुल्क से छूट, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता संशोधन विधेयक 2026 तथा अन्य कई प्रस्तावों को भी मंजूरी प्रदान की गई।*

### मुठभेड़ में लश्कर कमांडर जाकिर गनी ढेर

**नईदुनिया ब्यूरो, शोपियां:** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा का शीर्ष कमांडर जाकिर अहमद गनी मारा गया। बुधवार को सुरक्षाबलों ने उसका शव बरामद किया। आतंकियों की मौजूदगी की सूचना के बाद शनिवार से चनापोरा क्षेत्र में अभियान चलाया जा रहा था। जाकिर गनी पहलगाम आतंकी हमले के बाद जारी 14 आतंकियों की सूची में शामिल था। अभियान में जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल शामिल रहे।

# अगले वर्ष से नीट-यूजी परीक्षा कम्प्यूटर के माध्यम से होगी, छह दिन तक चलेगी

▶▶ **एक हजार से अधिक केंद्र बनाने की तैयारी, नई योजना पर काम जारी**

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** वर्ष 2027 में होने वाली नीट-यूजी परीक्षा पूरी तरह कंप्यूटर आधारित माध्यम से आयोजित की जाएगी। परीक्षा कम से कम छह दिनों तक चलने की संभावना है। इसके लिए देशभर में एक हजार से अधिक परीक्षा केंद्र बनाए जाने की तैयारी की जा रही है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी नई व्यवस्था को लेकर योजना तैयार कर रही है। नीट-यूजी के माध्यम से हर वर्ष चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश दिया जाता है। अभी तक यह परीक्षा प्रश्नपत्र और उत्तर पुस्तिका के माध्यम से आयोजित होती रही है। परीक्षा में करीब 25 लाख अभ्यर्थी शामिल होते हैं। प्रश्नपत्र लीक और अन्य अनियमितताओं के विवाद के बाद परीक्षा सुधारों की प्रक्रिया तेज हुई। शिक्षा मंत्रालय ने परीक्षा प्रणाली में सुधार के लिए पूर्व इसरो अध्यक्ष के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति का गठन किया था। समिति ने परीक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए सुझाव दिए हैं।

### पूर्व एआरटीओ के पास करोड़ों की संपत्ति

**नईदुनिया ब्यूरो, लखनऊ :** सतर्कता विभाग ने सेवानिवृत्त सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ललित कुमार के लखनऊ स्थित आवास पर छापा मारकर 13 किलो सोना, 9 किलो चांदी और हीरे के आभूषण बरामद किए हैं। बरामद आभूषणों की कीमत करीब 20 करोड़ रुपये आंकी गई है। तलाशी में 1.62 करोड़ रुपये नकद भी मिले, जिन्हें दीवारों और कमरों में छिपाकर रखा गया था। टीम को मकान, फ्लैट और जमीनों के दस्तावेज भी मिले हैं। कुल संपत्ति की कीमत करीब 35 करोड़ रुपये बताई गई है।

# हे राम! चढ़ावा मामले में फर्जी रसीद बुक बरामद

**नईदुनिया ब्यूरो, अयोध्या:** राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों लवकुश मिश्रा, अनुकल्प मिश्रा और करुणेश पांडेय को 40 घंटे की रिमांड पर लिया है। पूछताछ के दौरान पुलिस को आरोपियों के पास से श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की पुरानी फर्जी रसीद बुक मिली है। इस रसीद पर ट्रस्ट का चिह्न बना हुआ था और यह असली जैसी दिखाई देती थी। आरोपियों ने पूछताछ में फर्जी रसीद देकर चंदा देने वालों से पैसे लेने की बात कबूली है। वहीं, गोपाल राव ने ट्रस्ट से हटाए जाने की खबरों को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि वह अभी भी ट्रस्टी हैं और उन्हें हटाया नहीं गया है। ट्रस्ट की ओर से जारी सूचना में विशिष्ट आमंत्रित सदस्य की सूची से हटाए जाने की बात कही गई थी।

एसआईटी ने अब श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के बड़े आयोजनों के खर्च की जांच शुरू कर दी है। 22 जनवरी 2024 के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह और 25 नवंबर 2025 के ध्वजारोहण के बिल और वाउचर खंगाले। रिकॉर्ड के मुताबिक, प्राण-प्रतिष्ठा पर 113 करोड़ रुपए खर्च हुए। इसमें 8 हजार मेहमान आए थे। ध्वजारोहण पर 10.12 करोड़ खर्च हुए।

**अनिश्चितता** | कम बारिश वाले जिलों की संख्या घटी, किसानों के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा योजना...

# अल नीनो का भय: सरकार हर सप्ताह कर रही समीक्षा

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** अल नीनो के संभावित प्रभाव से मानसून में अनिश्चितता के बीच केंद्र सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार लगातार स्थिति की निगरानी कर रही है। उन्होंने कहा कि जून में 33 प्रतिशत कम बारिश के बाद जुलाई में स्थिति में सुधार आया है और बारिश की कमी अब घटकर 24 प्रतिशत रह गई है। कम वर्षा वाले जिलों की संख्या भी 262 से घटकर 178 रह गई है।

शिवराज सिंह चौहान ने उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के बाद बताया कि महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक, बिहार, झारखंड, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, पंजाब, पश्चिम बंगाल और ओडिशा जैसे राज्यों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जुलाई में बारिश की गति बढ़ेगी और खरीफ फसलों की बुवाई में तेजी आएगी।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में 350.85 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बुवाई हुई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में करीब 91.95 लाख हेक्टेयर कम है। मानसून में देरी



का असर सोयाबीन और कपास की बुवाई पर पड़ा है। किसानों को मक्का, बाजरा और मूंग जैसी कम अवधि और कम पानी वाली फसलों की बुवाई की सलाह दी गई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार ने अल नीनो की चुनौती को देखते हुए अप्रैल से ही तैयारी शुरू कर दी थी। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहयोग से प्रभावित होने वाले संभावित जिलों के लिए आकस्मिक योजनाएं तैयार कर राज्यों को उपलब्ध कराई गई हैं। जून में चलाए गए खेत बचाओ अभियान के तहत 1.24 लाख से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए और 80 लाख से ज्यादा किसानों तक पहुंच बनाई गई।

उन्होंने बताया कि बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 1.75 लाख क्विंटल का राष्ट्रीय बीज भंडार तैयार रखा गया है। किसान क्रेडिट कार्ड अभियान के तहत 30 जून तक प्राप्त 1.14 लाख आवेदनों में से 94 हजार से अधिक को मंजूरी दी जा चुकी है।

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के माध्यम से किसानों को आर्थिक सुरक्षा देने के प्रयास जारी हैं। अल नीनो निगरानी प्रकोष्ठ, फसल मौसम निगरानी समूह, राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष और नियुक्त अधिकारी लगातार मानसून, बुवाई, फसल और बाजार की स्थिति पर नजर रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार संसाधनों और समयबद्ध रणनीति के साथ हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है।